(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा देश के विभिन्न भागों में बनाए गए अस्पताल योजना रहित है और उनके निर्माण के लिए विभिन्न स्थानों का चुनाव अ वित ढंग से किया गया है;

(ख) क्या निगम के कर्मचारियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए स्थान का चुनाव नहीं किया गया है और इससे असन्तुलित स्थिति पैदा हो गई है; और

(ग) इन अस्पतालों के निर्माण में प्रवर्ती और अनावर्ती खर्च कितना है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने निम्नलिखित सूचना भेजी है :—

(क) चूंकि कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत डाक्टरी देख-रेख सम्बन्धी व्यवस्था का सांविधिक दायित्व राज्य सरकारों का है, इसलिए आवश्यक कार्यवाही, जिसमें योजना बनाना, जगह का चुनाव करना और अस्पताल-निर्माण करना शामिल है, उन्हीं के द्वारा की जाती है और उन्हीं की सिफारिशों पर कर्मचारी राज्य बीमा प्रायोजनायें स्वीकृत की जाती हैं।

थोड़े से ऐसे मामले है, जिनमें कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों के निर्माण के लिए चुने गए केन्द्रों के औद्योगिक विकास में वैसी प्रगति नहीं हुई जैसी कि इन प्रायोजनाओं को स्वीकृत करते समय आशा की गई थी।

(ख) किसी अस्पताल के निर्माण के लिए स्थान का चयन करते समय उस केन्द्र में योजना के अन्तर्गत आए हुए कर्मचारियों की संख्या और साथ ही आस-पास के ऐसे क्षेत्रों के कर्मचारियों को ध्यान में रखा जाता है जिनकी आवश्यकता प्रस्तावित अस्पताल द्वारा आसानी से पूरी हो सकती है। कुछ राज्यों में थोड़ा सा असंतुलन हुआ है क्योंकि पलंगों का माप-दण्ड जो कि मूल रूप से 11 पलंग प्रति हजार कर्मचारी निश्चित हुआ था, घटाकर 4 पलंग प्रति हजार कर्मचारी किया गया है। जहां कहीं संभव है, असन्तुलन को ठीक करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Taking over of Hindalco

2578. SHRI BHOLA MANJHI :
DR. RANEN SEN :

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether the U. P. Government have requested the Centre to take over Hindalco, Birla's aluminium factory in Mirzapur District; and

(b) if so, the decision taken thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAHNAWAZ KHAN) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

बिहार में एल्यूमिनियम सयन्त्र की स्थापना

2579. श्री कमल मिश्र मधुकर : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाया गया है कि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री ने बिहार की विधान सभा में यह स्वीकार किया है कि बिहार में बिजली की दरों के अधिक होने के कारण वहां एल्यूमिनियम संयंत्र स्थापित नहीं किया जा सका, यद्यपि बिहार में बाक्साइट की बहुतायत है, जो कि एल्यूमिनियम के कारखाने के लिए अत्यावश्यक है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।